जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 4924 / 2023 दिनांकः 29 मई, 2023

महत्वपूर्ण

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,
बलिया।

विषयः– राष्ट्रीय शिक्षा नीति(N.E.P.)–2020 से आच्छादित दिनांकः 08 जून, 2023 से होने वाली स्नातक द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाओं के स्थगन के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्याः जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 4827 / 2023, दिनांकः 13 मई, 2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से *दिनांकः 18 मई, 2023 से प्रारम्भ होने वाली* वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत सत्र 2022–23 की बी0ए0, बी0एस–सी0 तथा बी0काम0 तृतीय वर्ष (नियमित एवं भूतपूर्व) तथा प्रथम एवं द्वितीय वर्ष (केवल भूतपूर्व) एवं बी0एल0एड0– प्रथम द्वितीय एवं तृतीय वर्ष(नियमित एवं भूतपूर्व) तथा बी0एल0एड0– चतुर्थ वर्ष (केवल नियमित) के साथ ही दिनांकः 08 जून, 2023 से आयोजित होने वाली राष्ट्रीय शिक्षा नीति(N.E.P.)–2020 के अन्तर्गत बी0ए0, बी0एस–सी0 तथा बी0काम0 द्वितीय सेमेस्टर सत्र 2022–23 से सम्बन्धित समय–सारणी निर्गत की गयी थी।

तत्क्रम में सूच्य है कि परीक्षा समिति की आपात बैठक दिनांकः 29 मई, 2023 के निर्णयानुक्रम में दिनांकः 08 जून, 2023 से प्रारम्भ होने वाली राष्ट्रीय शिक्षा नीति(N.E.P.)–2020 के अन्तर्गत बी0ए0, बी0एस–सी0 तथा बी0काम0 द्वितीय सेमेस्टर सत्र 2022–23 की परीक्षाओं को अपरिहार्य कारणों से **स्थगित** किया जाता है। ये परीक्षाएँ अब माह जुलाई, 2023 के प्रथम सप्ताह से प्रारम्भ होने वाली राष्ट्रीय शिक्षा नीति(N.E.P.)–2020 के अन्तर्गत बी0ए0, बी0एस–सी0 तथा बी0काम0 चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाओं के साथ सम्पादित करायी जायेंगी। वर्तमान में संचालित शेष परीक्षाएँ पूर्व निर्धारित परीक्षा कार्यक्रमानुसार यथावत सम्पन्न होंगी।

भवदीय,

(एस0एल0पाल)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थः–

01. माननीय कुलपति जी।
02. निदेशक शैक्षणिक, विश्वविद्यालय परिसर।
03. प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने एवं कालेज लागिन में सम्प्रेषण हेतु।
04. जनसम्पर्क अधिकारी, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
05. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव

पताः–शहीद स्मारक, निकट सुरहा ताल, जिला–बलिया, उ0प्र0 पिन कोडः–277001
Address:- Saheed Smarak, Near Surha Taal, Dist-Ballia, U.P. Pin Code-277001
Website:-www.jncu.ac.in E-mail :- jncuballia@gmail.com